INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Lesson 2- "चिड़िया की बच्ची"	Topic -Question Bank with Grammar	**Pl write in your N. Book**

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 "चिड़िया की बच्ची" के पाठ के लेखक का नाम क्या है?

उत्तर- "चिड़िया की बच्ची" के पाठ के लेखक जैनेंद्र कुमार है।

प्रश्न-2 माधवदास कब प्रकृति की छटा निहारने के लिए बैठते थे?

उत्तर- माधवदास शाम को प्रकृति की छटा निहारने के लिए बैठते थे।

प्रश्न-3 माधवदास के बगीचे में चिड़िया कहाँ आ कर बैठती है?

उत्तर- माधवदास के बगीचे में चिड़िया गुलाब की डाली पर आ कर बैठती है।

प्रश्न-4 चिड़िया माधवदास के बगीचे में क्यों आई थी?

उत्तर- चिड़िया माधवदास के बगीचे में कुछ देर आराम करने आई थी।

प्रश्न-5 चिड़िया घर से क्यों उड़ आई थी?

उत्तर- सूरज की धूप खाने, हवा से खेलने और फूलों से बात करने के लिए चिड़िया घर से उड़ आई थी।

प्रश्न-6 चिड़िया की गर्दन कैसी थी?

उत्तर– चिड़िया की गर्दन लाल थी और गुलाबी होते-होते किनारों पर ज़रा-ज़रा नीली पड़ गई थी।

प्रश्न-7 किस समय माधवदास अपना सब-कुछ भूल गए ?

उत्तर- चिड़िया का इस डाल से उस डाल पर थिरकना देख माधवदास अपना सब-कुछ भूल गए।

प्रश्न-8 माधवदास चिड़िया को देखकर क्यों प्रसन्न थे?

उत्तर- चिड़िया बहुत सुंदर थी। उसकी प्यारी-प्यारी आवाज़ सुनकर और उसका थिरकना देख कर माधवदास प्रसन्न थे।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 माधवदास ने चिड़िया को अपने पास रखने के लिए क्या-क्या किया?

उत्तर- माधवदास ने चिड़िया को अपने पास रखने के लिए उसने चिड़िया के सामने अपने धन दौलत का उल्लेख किया, उसकी प्रशंसा की और उसका महत्व बताया और उसे कई प्रलोभन दिए।

प्रश्न-2 माँ के पास पहुँच कर चिड़िया की क्या हालत हुई?

उत्तर- माँ के पास पहुँच कर चिड़िया माँ की गोद में गिरकर सुबकने लगी। वह काँप-काँपकर माँ की छाती से चिपक गई| बड़ी देर में उसे ढाँढ़स बँधा और तब वह पलक मींचकर माँ से चिपककर सो गई, जैसे अब पलकें नहीं खोलेगी।

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 माधवदास ने चिड़िया को क्या-क्या प्रलोभन दिए?

उत्तर- माधवदास ने चिड़िया को मोतियों के झालर लगे सोने का घर बनवाने, पानी पीने के लिए सोने की कटोरी देने साथ ही ढेर सारा सोना देने तथा मालामाल करने का प्रलोभन दिया। उससे यह भी कहा कि बगीचे के फूल उसके लिए खिला करेंगे।

प्रश्न-2 किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था?

उत्तर– माधवदास ने अपने लिए संगमरमर की एक नई कोठी बनवायी थी और उसके सामने बहुत सुहावना बगीचा भी लगवाया था। उसका रहन-सहन रईसों जैसा था। उसके पास अन्य कई कोठियाँ, बगीचे और दास-दासियाँ थीं। वह चिड़िया से बात करते हुए वह उसके लिए सोने का घर बनवाने तथा उसे मालामाल कर देने की बात भी करता है इन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था।

व्याकरण भाग-

प्रश्न-1. दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए |

1. अधि – अधिकार , अधिराज
2. परा – पराजय , पराक्रम
3. प्रति – प्रतिवर्ष , प्रतिदिन
4. अध – अधजला , अधमरा
5. भर - भरपूर , भरसक
6. गैर – गैरकानूनी , गैरसरकारी

प्रश्न-2. दिए गए प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए |

1. पा – मोटापा , बुढ़ापा
2. ता – सफलता , मानवता
3. मान – शक्तिमान , अपमान
4. हार – होनहार , चित्रहार

5. त्व - ममत्व , देवत्व

6. इया – बढ़िया , छलिया

प्रश्न-3 दिए गए मुहावरों से उचत वाक्य बनाइए।

1. बाट देखना (प्रतीक्षा करना)

वाक्य- हम सब मुख्य अतिथि की बाट देख रहे हैं।

2. आसमान सर पर उठाना (बहुत शोर करना)

वाक्य- इस कक्षा के छात्रों ने तो आसमान सिर पर उठा रखा है।

3. खून-पसीना एक करना (बहुत कठिन परिश्रम करना)

वाक्य- रामू ने खून-पसीना एक करके अपना मकान बनवाया था।

4. आँखें खुलना (होश आना)

वाक्य- जब मित्र को अपनी आँखों से बेईमानी करते हुए देखा तब राकेश की आँखें खुलीं ।

5. हाथ पैर मारना (काफ़ी प्रयास करना)

वाक्य- राम ने इस बार बहुत हाथ-पैर मारे फिर भी वह परीक्षा में सफल नहीं हो सका।

6. हाथ मलना (पछताना)

वाक्य- चिड़िया के उड़ जाने के बाद माधवदास हाथ मलता रह गया|

7. कानोंकान खबर न होना (कुछ खबर न होना)

वाक्य- पड़ोस में चोरी हो गई पर शर्मा जी को कानोंकान खबर न हुई।

8. नाक में दम करना (परेशान करना)

वाक्य- गाँव के इन शरारती बच्चों ने नाक में दम कर रखा है|

प्रश्न-4 (वाक्यांश) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए|

1. जो दिखाई नहीं देता हो– अदृश्य
2. गोद लिया हुआ पुत्र– दत्तक
3. जिसको कोई भय न हो- निर्भय
4. जिसका कोई आधार न हो – निराधार
5. जो पूर्वजों से प्राप्त हो – पैतृक
6. जिसमें दया हो- दयालु
7. जिसकी सीमा न हो- असीम
8. जो अपने देश से प्रेम करता हो– देशप्रेमी

****